[16/12/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 673]

परिशिष्ट "६८"

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
प्रश्न
सत्र - जुलाई, 2024

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : 21/06/2024

वर्ग : 1 सदन में उत्तर देने का दिनांक : 01/07/2024 विभाग का नाम : उच्च शिक्षा

विषय : स्नातक कॉलेज में सुविधाओं का अभाव।

(अतारांकित प्रश्न क्रमांक : 507) श्रीजयवर्द्धन सिंह

क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) ब्लॉक राघौगढ़ जिला गुना में कितने शा.कॉलेज है ? यह कब स्थापित हुये है? किस वि.वि. से मान्यता एवं संबद्धता है? इनमें किस पाठ्यक्रम की कुल कितने संकाय एवं भवन में कुल कितने कक्ष है यह किस प्रयोजन से उपयोग किये जाते है? क्या शा.कॉलेज में मान्यता के सभी मापदण्ड पूर्ण है? कितना स्टॉफ स्वीकृत है, कितने अधि./कर्म. /शैक्षणिक स्टॉफ पदस्थ किस प्रयोजन से कार्यरत है उनके नाम, पदनाम एवं कब से पदस्थ है? 2021-24 तक एवं समय-समय पर जारी आदेशों एवं कॉलेज के उन्नयन हेतु उच्च शिक्षा को किये गये पत्राचार की प्रति सहित बतायें। (ख) वर्ष 2021-24 तक में कॉलेज में कितनी छात्रवृत्ति किस श्रेणी में कितने छात्रों को वितरीत की गई? संकाय-सेमेस्टरवार जानकारी दें। (ग) कॉलेज में आरक्षित श्रेणी के विद्यार्थियों को नि:शुल्क शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जाता है यदि हॉ तो 2021-24 तक कब और क्या वितरण किया गया है? यदि नहीं तो कारण सहित बतायें क्यों? (घ) क्या नवीन भवन निर्माण किया गया है? यह कितनी लागत है? इसमें मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति की गई है ? यह प्रारंभ हो गया है? यदि नहीं तो कब तक प्रारंभ हो जायेगा ? (ड.) कॉलेज को स्नाकोत्तर करने के लिये कब और कितने पत्राचार राज्य सरकार को किये है? कब तक स्नाकोत्तर कॉलेज प्रारंभ हो जायेगें निश्चित समय-सीमा बतायें। नहीं तो कारण सहित स्पष्ट करें क्यों ? क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों ने इसकी मांग की है ? पत्र एवं ज्ञापन की प्रति सहित बतायें।

उच्च शिक्षा मंत्री :

(ड़) शासकीय महाविद्यालय, राघौगढ़ में वर्तमान में मात्र स्नातक स्तर पर कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय संचालित हैं। विभागीय मापदण्डों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण उपरान्त शासकीय महाविद्यालय, राघौगढ़ को स्नातकोत्तर का दर्जा प्रदान करने सबंधी मापदण्ड की पूर्ति नहीं होने के कारण स्नातकोत्तर का दर्जा प्रदान किया जाना संभव नहीं है। (तथापि पूर्व में प्रेषित उत्तर में त्रुटिवश शासकीय महाविद्यालय, राघौगढ़ के स्थान पर शासकीय महाविद्यालय, आरोन में संचालित स्नातकोत्तर विषयों यथा हिन्दी, राजनीतिशास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं गणित की जानकारी उल्लेखित हो गई है)। महाविद्यालय को स्नातकोत्तर का दर्जा प्रदान किए जान के संबंध मे क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों की ओर से इस कार्यालय को कोई भी मांगपत्र अथवा ज्ञापन प्रश्न दिनांक तक प्राप्त नहीं हुए हैं।

अवर सचिव
म.प्र. शासन
उच्च शिक्षा विभाग